**महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर**

क्रमांकःएफ.14(      )शैक्ष. I I / मदसविवि / 2023 /      दिनांकः      .04.2023

**समस्त प्राचार्य,**
**मदस विश्वविद्यालय अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त**
**समस्त महाविद्यालय**

**विषय** :—सत्र 2017—18 से सम्बद्धता से संबंधित शुल्कों पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. राशि जमा कराने बाबत्

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि प्रबन्ध बोर्ड की 104वीं बैठक दिनांक 22 मार्च, 2023 की मद संख्या 6(3) में लिए गये निर्णयानुसार सत्र 2017—18 से 2023—24 तक के सम्बद्धता से संबंधित समस्त शुल्कों यथा— सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क, विलम्व शुल्क, सीट अभिवृद्धि शुल्क, अनापत्ति प्रमाण—पत्र शुल्क (If applicable), आर्थिक दण्ड / शास्ति (Penalty) अन्य शुल्क पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अविलम्ब जमा कराये जाने की पालना सुनिश्चित कर विश्वविद्यालय को सूचित करें अन्यथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क व माल एवं सेवा कर आयुक्तालय द्वारा जो भी शास्ति व ब्याज लगाया जाएगा उसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

ज्ञातव्य रहे कि उक्तानुसार पूर्व के सत्रों (2017—18, 2018—19, 2019—20, 2020—21, 2021—22, 2022—23) एवं वर्तमान सत्र 2023—24 का 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जमा नहीं होने की स्थिति में सत्र 2023—24 की सम्बद्धता व उससे संबंधित सेवा किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान नहीं की जाएगी। अतः इसकी पालना के अभाव के फलस्वरूप आपके महाविद्यालय के समस्त छात्रों को होने वाली असुविधा / परेशानी की समस्त जिम्मेदारी आपकी संस्था / महाविद्यालय प्रशासन की रहेगी।

**कृपया इसे प्राथमिकता प्रदान करें।**

भवदीय,

-sd-

**कुलसचिव**

क्रमांकःएफ.14(      )शैक्ष. I I / मदसविवि / 2023 / 8541-8548      दिनांकः 20 .04.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, कॉलेज आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा(ग्रुप—4) विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. वेब एडमिनिस्ट्रेटर, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करने का श्रम करें।
4. वित्त नियंत्रक, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
5. परीक्षा नियंत्रक, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
6. उप कुलसचिव (शैक्ष—I), म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
7. निजी सचिव, माननीय कुलपति, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. निजी सहायक, कुलसचिव, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।

**उप कुलसचिव(शैक्ष—II)**